

# प्रोस्टेट कैंसर के लिए जिनोमिक जांच परीक्षण (डायग्नोस्टिक टेस्टिंग)

Urology Care FOUNDATION™
*The Official Foundation of the American Urological Association*

## प्रोस्टेट कैंसर क्या है और यह कितना सामान्य है?

प्रोस्टेट कैंसर, प्रोस्टेट ग्रंथि में होने वाला असामान्य विकास है। आपकी प्रोस्टेट ग्रंथि लगभग अखरोट के आकार की होती है और मलाशय (गुदा) के ठीक सामने मूत्राशय के नीचे स्थित होती है। साथ ही यह पुरुष प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह वीर्य के लिए तरल पदार्थ का निर्माण करती है। प्रोस्टेट में वृद्धि अच्छी (कैंसर नहीं) या घातक (कैंसर) हो सकती है।

इन दिनों अमेरिका में प्रोस्टेट कैंसर तेजी से बढ़ने वाला कैंसर है। यह कैंसर बुजुर्गों और अफ्रीकी अमेरिकियों में होना खासा सामान्य है। अफ्रीकी अमेरिकियों को यह कैंसर कम उम्र में होने की संभावनाएं भी होती हैं और यह ज्यादा तेजी से बढ़ सकता है (कुछ ज्यादा ही तेजी से)। यदि परिवार में इस कैंसर का इतिहास रहा है तो आपमें इस बीमारी के होने की ज्यादा संभावना होती है।

यदि आपका डॉक्टर आपसे कहता है कि आपको प्रोस्टेट कैंसर है तो घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह उतनी भी बुरी खबर नहीं है। इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर लोग लंबे समय तक जीवित रहते हैं और अन्य वजहों से उनकी मृत्यु होती है। हालांकि ऐसा उन्हीं मामलों में होता है, जब गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही कैंसर का पता चल जाता है। वास्तव में 100 में से 78 लोगों को प्रोस्टेट कैंसर प्रोस्टेट के बाहर फैलने से पहले ही इसके बारे में पता चल जाता है।

## प्रोस्टेट कैंसर का परीक्षण

प्रोस्टेट कैंसर के आकलन के लिए आपका डॉक्टर संभवतः एक प्रोस्टेट–स्पेसिफिक एंटीजेन (पीएसए) परीक्षण (सामान्य रक्त परीक्षण), एक चिकित्सकीय इतिहास और एक डिजिटल रेक्टल परीक्षा (डीआरई) कराएगा। यदि नतीजे संकेत करते हैं तो आपका डॉक्टर एक प्रोस्टेट अल्ट्रासाउंड और आपकी प्रोस्टेट की बायोप्सी भी करा सकता है। बायोप्सी के लिए आपका डॉक्टर आपकी प्रोस्टेट का छोटा सा टुकड़ा लेगा और उसकी छोटी कोशिकाओं की जांच करके देखेगा कि क्या उनमें कैंसर है। आपका डॉक्टर आपकी प्रोस्टेट की जांच के तहत एक मैग्नेटिक रेसोनैंस इमेजिंग (एमआरआई) (जिसे मल्टीपैरामीट्रिक के तौर पर भी जाना जाता है) कराने के लिए भी कह सकता है।

प्रोस्टेट कैंसर का परीक्षण लंबे समय से हो रहा है। आपका डॉक्टर कैंसर की कोशिकाओं के परीक्षण के लिए कह सकता है, जिससे इलाज शुरू करने के लिए कोशिका के डीएनए की स्थिति का पता लगाया जा सके। इसे जिनोमिक परीक्षण कहा जाता है। हो सकता है कि आपने जिनोमिक्स और जेनेटिक्स (अनुवांशिकी) के बारे में सुना हो जो जीन्स और सेल डीएनए की तरह लगते जरूर हैं, लेकिन वे अलग होते हैं।

**जिनोमिक परीक्षण में आपके जीन को देखा जाता है, लेकिन कैंसर जीन्स और उनके व्यवहार की भी बारीकी से जांच की जा सकती है।**

## जिनोमिक परीक्षण क्या है?

हमारे जीन हमें हुई खास बीमारियों के बारे में कुछ जानकारी दे सकते हैं। **अनुवांशिक परीक्षण (जेनेटिक टेस्टिंग)** हमें ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताता है, जो एक परिवार से मिलती हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपके पिता या भाई जैसे किसी परिजन को प्रोस्टेट कैंसर है तो आपको यह बीमारी होने की खासी संभावनाएं होती हैं। काकेशियान (गोरों) की तुलना में अफ्रीकी अमेरिकियों में यह रुझान ज्यादा है।

**जिनोमिक परीक्षण** में आपके जीन्स की जांच की जाती है, लेकिन इसमें कैंसर जीन्स और उनके व्यवहार की भी जांच की जा सकती है। इससे यह देखने में मदद मिलती है कि एक कोशिका के भीतर डीएनए और जीन्स कैसे काम करते हैं। डॉक्टर कैंसर कोशिकाओं की बायोप्सी करा सकता है और यह देखने के लिए अतिरिक्त जिनोमिक परीक्षण का उपयोग कर सकता है कि वे कैसे बढ़ (या नहीं बढ़ सकती हैं) सकती हैं। जिनोमिक्स से आपके कैंसर के बेहतर उपचार के तरीके और इन अहम सवालों के समाधान के तरीके बताए जाते हैंः 1.) क्या आपके कैंसर की ज्यादा फैलने की संभावना है? 2.) क्या आपका कैंसर धीरे–धीरे बढ़ेगा या तेजी से बदतर स्थिति में पहुंच जाएगा? ? 3.) नियमित रूप से पीएसए परीक्षण, डीआरई और समय–समय पर बायोप्सी के साथ कैंसर की वृद्धि पर नजर रखना या उपचार कराना बेहतर है?

**राष्ट्रीय मुख्यालयः** 1000 कॉर्पोरेट बुलवर्ड, लिनथिकम, एमडी 21090
फोनः 410.689.3990 • फैक्सः 410.689.3878 • 1.800.828.7866 • info@UrologyCareFoundation.org • www.UrologyHealth.org
UrologyCareFoundation @UrologyCareFdn @UrologyCareFdn UrologyCareFoun

# प्रोस्टेट कैंसर के लिए जिनोमिक जांच परीक्षण (डायग्नोस्टिक टेस्टिंग)

Urology Care FOUNDATION™
*The Official Foundation of the American Urological Association*

**नकारात्मक बायोप्सी के बाद जोखिम का आकलन**
यदि आपने प्रोस्टेट बायोप्सी कराई थी और इसका नतीजा "कोई कैंसर नहीं" के रूप में आया था, लेकिन डॉक्टर सोच रहा है कि क्या अभी भी प्रोस्टेट कैंसर होने का जोखिम है या भविष्य में होने की संभावना है?

| जिनोमिक परीक्षण का नाम | क्या परीक्षण हुआ? | परीक्षण में क्या निकला इसका उपयोग | क्यों किया गया? |
|---|---|---|---|
| कन्फर्मएमडीएक्स | प्रोस्टेट बायोप्सी ऊतक का उपयोग करते हैं जो लिए गए थे, लेकिन नकारात्मक थे | पिछले नकारात्मक परीक्षण की पुष्टि होती है या पता लगाया जाता है कि क्या प्रोस्टेट कोशिकाओं के कैंसर में बदलने की संभावना होगी | बार–बार बायोप्सी से बचने में मदद मिलती है |
| प्रोजेन्सा | प्रोस्टेट बायोप्सी ऊतक का उपयोग करते हैं जो लिए गए थे, लेकिन नकारात्मक थे | पिछले नकारात्मक परीक्षण की पुष्टि होती है या पता लगाया जाता है कि क्या प्रोस्टेट कोशिकाओं के कैंसर में बदलने की संभावना होगी | बार–बार बायोप्सी से बचने में मदद मिलती है |

**सकारात्मक बायोप्सी के बाद जोखिम का आकलन**
यदि आपने प्रोस्टेट बायोप्सी कराई थी और नतीजा "कैंसर मौजूद है" पता चलता है लेकिन आपका डॉक्टर सोच रहा है कि क्या यह प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर स्थिति है या उसकी सुरक्षित तरीके से निगरानी (बाद में उपचार या सक्रिय निगरानी) की जा सकती है?

| जिनोमिक परीक्षण का नाम | क्या परीक्षण हुआ? | परीक्षण में क्या निकला इसका उपयोग | क्यों किया गया? |
|---|---|---|---|
| प्रोलैरिस | प्रोस्टेट बायोप्सी ऊतक का उपयोग करते हैं जो लिए गए थे और कैंसर का पता चलता है | बताता है कि कैंसर कितनी तेजी से बढ़ सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है (मेटास्टैसिस) | सक्रिय निगरानी या कन्सॉलिडेटिव रेडिएशन जैसे उपचार के विकल्पों के बारे में फैसला लेने में मदद मिल सकती है |
| ऑन्कोटाइप डीएक्स | प्रोस्टेट बायोप्सी ऊतक का उपयोग करते हैं जो लिए गए थे और कैंसर का पता चलता है | बताता है कि कैंसर कितनी तेजी से बढ़ सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है (मेटास्टैसिस) | सक्रिय निगरानी या कन्सॉलिडेटिव रेडिएशन जैसे उपचार के विकल्पों के बारे में फैसला लेने में मदद मिल सकती है |
| प्रोस्टाविसन | प्रोस्टेट बायोप्सी ऊतक का उपयोग करते हैं जो लिए गए थे और कैंसर का पता चलता है | बताता है कि कैंसर कितनी तेजी से बढ़ सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है (मेटास्टैसिस) | सक्रिय निगरानी या उपचार के विकल्पों के बारे में फैसला लेने में मदद मिल सकती है |

**राष्ट्रीय मुख्यालयः** 1000 कॉर्पोरेट बुलवर्ड, लिनथिकम, एमडी 21090
फोनः 410.689.3990 • फैक्सः 410.689.3878 • 1.800.828.7866 • info@UrologyCareFoundation.org • www.UrologyHealth.org
UrologyCareFoundation @UrologyCareFdn @UrologyCareFdn UrologyCareFoun

# प्रोस्टेट कैंसर के लिए जिनोमिक जांच परीक्षण (डायग्नोस्टिक टेस्टिंग)

Urology Care FOUNDATION™
The Official Foundation of the American Urological Association

**रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी के बाद जोखिम का आकलन**

यदि आपने प्रोस्टेट कैंसर निकलवा (रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी) दिया है और यह फैसला लेने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या अतिरिक्त उपचार की जरूरत है, क्योंकि कैंसर प्रोस्टेट के बिल्कुल करीब हैं? सर्जरी के बाद के उपचार के रूप में रेडिएशन या हार्मोनल थेरेपी का उपयोग किया जा सकता है।

| जिनोमिक परीक्षण का नाम | क्या परीक्षण हुआ? | परीक्षण में क्या निकला | इसका उपयोग क्यों किया गया? |
|---|---|---|---|
| प्रोलैरिस | उन प्रोस्टेट ऊतक का उपयोग करते हैं जो सर्जरी के समय निकाले गए थे | बताता है कि कैंसर कितनी तेजी से बढ़ सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है (मेटास्टैसिस) | बताता है कि कैंसर सर्जरी के बाद कितनी तेजी से लौट सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है और इससे आगे उपचार के विकल्पों पर फैसला लेने में मदद मिल सकती है |
| डिसाइफर | उन प्रोस्टेट ऊतक का उपयोग करते हैं जो सर्जरी के समय निकाले गए थे | बताता है कि कैंसर कितनी तेजी से बढ़ सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है (मेटास्टैसिस) | बताता है कि कैंसर सर्जरी के बाद कितनी तेजी से लौट सकता है या आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकता है और इससे आगे उपचार के विकल्पों पर फैसला लेने में मदद मिल सकती है |
| पोर्टोस | उन प्रोस्टेट ऊतक का उपयोग करते हैं जो सर्जरी के समय निकाले गए थे | सुझाता है कि आप कैसे रेडिएशन बढ़ा सकते हैं और आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में फैलने की संभावनाओं पर भी विचार करता है। | यह फैसला लेने में मदद करता है कि क्या आपके लिए रेडिएशन थेरेपी अच्छा विकल्प है |

## उपचार के बारे में पर्याप्त जानकारी देना

प्रोस्टेट कैंसर के उपचार से इरेक्टाइल डिसफंक्शन यानी स्तंभन दोष (ईडी) जैसे नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं और ये आपकी मूत्र व आंत्र प्रणालियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। जिनोमिक परीक्षण, गहन निगरानी (सक्रिय निगरानी) से उपचार के जोखिमों को संतुलित करने में मददगार हो सकते हैं।

ऐसे कई प्रकार के जिनोमिक परीक्षण हैं, जिन्हें प्रोस्टेट कैंसर और उनके जोखिमों को बेहतर तरीके से समझने के लिए उपयोग किया जा सकता है। कौन–सा परीक्षण किया जाना है, यह आपकी विशिष्ट स्थिति पर आपके और आपके डॉक्टर के सवालों से तय होता है। यहां कुछ जिनोमिक परीक्षणों की सूची उपलब्ध है और आप और आपके डॉक्टर के बीच होने वाले सवालों के जवाब देने की कोशिश की जा र ही है:

## जिनोमिक परीक्षण के बारे में पूछे जाने वाले अन्य सवाल

### जिनोमिक परीक्षण मेरी कैसे मदद करता है?

जिनोमिक्स जोखिम के लिहाज से आपकी स्थिति को बेहतर बना सकता है और इससे आपको व आपके डॉक्टर को चिकित्सा के विकल्प चुनने में सहायता मिल सकती है, जैसे–क्या दोबारा बायोप्सी करनी है, क्या यही उपचार आगे किया जाए, या प्रोस्टेट निकालने के बाद कब अतिरिक्त रेडिएशन उपचार करना है।

### मुझे अपने ट्यूमर की बायोप्सी क्यों कराने की जरूरत है?

आपका डॉक्टर प्रयोगशाला में एक माइक्रोस्कोप में कोशिकाओं को देखने के बाद आपके ट्यूमर की बायोप्सी कराएगा। ऊतक की बायोप्सी से यह देखने में सहायता मिलती है कि क्या ट्यूमर ठीक है या कैंसरग्रस्त हो चुका है। ज्यादातर मामलों में जिनोमिक्स परीक्षणों में बायोप्सी ऊतक का उपयोग किया जाता है। बायोप्सी से अक्सर उपचार के विकल्प चुनने में सहायता मिलती है।

©2018 Urology Care Foundation

**राष्ट्रीय मुख्यालयः** 1000 कॉर्पोरेट बुलवर्ड, लिनथिकम, एमडी 21090
फोनः 410.689.3990 • फैक्सः 410.689.3878 • 1.800.828.7866 • info@UrologyCareFoundation.org • www.UrologyHealth.org
UrologyCareFoundation @UrologyCareFdn @UrologyCareFdn UrologyCareFoun

# प्रोस्टेट कैंसर के लिए जिनोमिक जांच परीक्षण (डायग्नोस्टिक टेस्टिंग)

Urology Care FOUNDATION™
*The Official Foundation of the American Urological Association*

### यूरोलॉजी केयर फाउंडेशन के बारे में

यूरोलॉजी केयर फाउंडेशन दुनिया का अग्रणी यूरोलॉजिक फाउंडेशन और अमेरिकन यूरोलॉजिकल एसोसिएशन का आधिकारिक फाउंडेशन है। हम सक्रिय रूप से मूत्र संबंधी स्वास्थ्य का प्रबंधन करने वालों और स्वास्थ्य बदलाव के लिए तैयार लोगों को जानकारियां उपलब्ध कराते हैं। हमारी जानकारी अमेरिकन यूरोलॉजिकल एसोसिएशन के संसाधनों और चिकित्सा विशेषज्ञों की समीक्षा पर आधारित होती है।

ज्यादा जानकारी के लिए यूरोलॉजी केयर फाउंडेशन की वेबसाइट **UrologyHealth.org/UrologicConditions** पर जाएं या अपने आसपास डॉक्टर तलाश रहे हैं तो यहां **UrologyHealth.org/FindAUrologist** जाएं।

### अस्वीकरण:

यह जानकारी स्व–निदान के लिए कोई उपकरण या किसी पेशेवर चिकित्सा सलाह का विकल्प नहीं है। उस प्रयोजन के लिए इसका उपयोग नहीं करना चाहिए या इस पर निर्भर नहीं होना चाहिए। कृपया अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में अपने मूत्र रोग विशेषज्ञ या स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले से बात करें। दवाइयों सहित किसी भी उपचार को शुरू करने या रोकने से पहले हमेशा एक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले से परामर्श करें।

प्रोस्टेट कैंसर और अन्य मूत्र संबंधी स्थितियों के बारे में मुद्रित सामग्री की प्रतियों के लिए हमारी वेबसाइट **UrologyHealth.org/Order** पर जाएं या 800–828–7866 पर कॉल करें।

### संपर्क:


यूरोलॉजी केयर फाउंडेशन
1000 कॉर्पोरेट बुलवर्ड, लिनथिकम, एमडी 21090
1.800.828.7866
**UrologyHealth.org**


जिनोमिक हैल्थ के सहयोग के माध्यम से मिलते हैं संसाधन।


**राष्ट्रीय मुख्यालय:** 1000 कॉर्पोरेट बुलवर्ड, लिनथिकम, एमडी 21090
फोन: 410.689.3990 • फैक्स: 410.689.3878 • 1.800.828.7866 • info@UrologyCareFoundation.org • www.UrologyHealth.org
UrologyCareFoundation @UrologyCareFdn @UrologyCareFdn UrologyCareFoun


©2018 Urology Care Foundation. All Rights Reserved.
ProstateCancer-GenomicTesting-FS-2019-Hindi